150

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर

आदेश

क्रमांक क्यू./02 (कार्य शाखा)
(पांच–3–12/57 भाग दस आवंटन) जबलपुर, दि0 27 अप्रैल, 2020

रजिस्ट्री आदेश क्रमांक सी/669, दि. 19.02.2020, जिसके द्वारा म0प्र0 उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर की स्थापना में कार्यरत 22 कर्मचारीगण को उन्हें आवंटित आवासगृह को 30 दिवस की अवधि में रिक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था और उक्त अवधि के पश्चात आवासगृह को रिक्त नहीं किये जाने की दशा में म.प्र. शासन, गृह विभाग (सामान्य) के आदेश क्रमांक एफ 01–25/2013/दो–ए (3), दिनांक 11.09.2014 के अनुसार दांडिक किराया वसूल किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया था।

उक्त रजिस्ट्री आदेश क्रमांक सी/669, दि. 19.02.2020 से व्यथित होकर कुछ कर्मचारीगण द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये थे, जिसके अनुक्रम में रजिस्ट्री आदेश क्रमांक बी/1719, दि. 19.03.2020, बी/1723, दि. 19.03.2020, बी/1725, दि. 19.03.2020, बी/1727, दि. 19.03.2020 एवं ए/839, दिनांक 20.03.2020 जारी किये गये है।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त रजिस्ट्री आदेश क्रमांक सी/669, दि. 19.02.2020 के प्रकाश में, रजिस्ट्री आदेश क्रमांक बी/1723, दि. 19.03.2020, बी/1727, दि. 19.03.2020 एवं ए/839, दिनांक 20.03.2020 के द्वारा म0प्र0 उच्च न्यायालय, मुख्यपीठ जबलपुर की स्थापना में कार्यरत कर्मचारीगण के वेतन से उनके आधिपत्य के आवासगृह का दांडिक किराया की कटौती माह अप्रैल, 2020 का वेतन जो माह मई, 2020 में देय है, को निलंबित किया जाता है।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय
के आदेशानुसार

27.04.2020
(सनत कुमार कश्यप)
रजिस्ट्रार (कार्य एवं अधोसंरचना)

पृष्ठांकन क्रमांक क्यू/03 (कार्य शाखा)/
(पांच–3–12/57 भाग दस आवंटन) जबलपुर, दि0 27 अप्रैल, 2020

प्रतिलिपिः–

1. रजिस्ट्रार (प्रशासन), म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर,
2. प्रशासनिक अधिकारी (लेखा/स्थापना/कार्य एवं अधोसंरचना), म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर,
3. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निज सहायक, म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर,
4. सहायक (वेतन लिपिक/सेवा पुस्तिका/अवकाश/पेंशन), म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर,
5. संबंधित कर्मचारीगण, म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर,
6. सर्वर रूम (कम्प्यूटर), म. प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर की ओर वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु अग्रेषित,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

27.04.2020
(सनत कुमार कश्यप)
रजिस्ट्रार (कार्य एवं अधोसंरचना)